सार-समाचार

पाली में फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक की मौत

पाली, (नि.सं.)। पाली में मंडिया रोड इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित जितेंद्र इंडस्ट्रीज फैक्ट्री में काम करते समय 40 साल के मजदूर की करीब 12 फीट ऊंचाई से गिरने पर मौत हो गई। श्रमिक छत पर सीमेंट की चद्दर लगा रहा था, तभी चद्दर अचानक टूट गई। नीचे गिरने से सिर में गंभीर चोट आई। सहकर्मियों द्वारा तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान खारड़ा गांव निवासी सोहनलाल बावरी के रूप में हुई है। सोहनलाल रोजाना की तरह काम पर गया था और फैक्ट्री में सीमेंट की चद्दर फिटिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।घटना की रिपोर्ट मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। सोहनलाल का शव देखते ही परिजन बिलख पड़े और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया, जिन्हें साथ आए लोगों ने संभाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फैक्ट्री प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है कि सुरक्षा उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध थी या नहीं।

पर्यावरण, पशु व मानव स्वास्थ्य पर चर्चा

जोधपुर, (कासं) । आईएपीएसएम और आईसीएमआर के तत्वावधान में वन वर्ल्ड वन हेल्थ सीएमई योजना सेमिनार का डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज में आज समापन हुआ।सीएमई का उद्देश्य पर्यावरण, पशु एवं मानव स्वास्थ्य के आपसी संबंधों को समझना एवं भविष्य में आने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए संयुक्त रणनीति पर चर्चा करना रहा। पी एस एम विभागाध्यक्ष डॉ. अफजल हकीम ने बताया इसमे हमने टारगेट ऑडियंस के हिसाब से प्रतिदिन सेमिनार का आयोजन किया ताकि अधिक से अधिक छात्रों, इंटर्न और पोस्ट ग्रेजुएट्स को इसका लाभ हो । इसमे डॉ. रमेश एसोसिएट प्रोफेसर मेडिसिन ने उभरती बीमारी और उनकी चुनौतिया के बारे में प्रकाश डाला। डॉ. राजकुमार राठौड़ प्रोफेसर फार्माकोलॉजी ने विश्व में एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध से उबरते खतरे के बारे में बताया और भावी डॉक्टर्स को एंटीबायोटिक्स के संयमित इस्तमाल की सलाह दी। पीएसएम विभाग के डॉ. मनीष ने शहरीकरण से इकोसिस्टम पर होने वाले प्रभावों को बताया,डॉ दिव्या ने पर्यावरण समन्वय के बारे में विस्तृत जानकारी दी, सीएमई में लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया।

'एक्सपायरी डेट देखकर सामान खरीदे'

जैसलमेर, (नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ईट राइट इंडिया अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य भवन सभागार में किया गया। इस पहल के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा ने प्रशिक्षणार्थी एएनएम को पौष्टिक भोजन के लाभ व जंक फूड के नुकसान बताए। कड़वासरा ने बताया कि पैकेजिंग वाले खाद्य पदार्थ खरीदते समय एक्सपायरी डेट अवश्य देखें। उन्होंने मोटे अनाज, सही पोषण व सुरक्षित भोजन की आदतों और संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. राजेंद्रकुमार पालीवाल ने बताया कि शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत जागरूकता अभियान लगातार जारी किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थी एएनएम को बताया कि आज के दौर में जंक फूड और खानपान की गलत आदतें स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही सही खानपान के महत्व व सही जानकारी हमे बच्चों को प्रदान की जानी चाहिए।

अवैध जल कनेक्शन के दस केस दर्ज

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के निकट के चांवडा- पोपावास गांव में कुछ लोगों ने 200 एमएम डीआई पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर अपने घरों, दुकानों और खेत में अवैध कनेक्शन ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय जांच के बाद दस लोगों का पता लगने पर अब राजीव गांधी नगर थाने में एक्सईएन ने रिपोर्ट दी है। पुलिस ने बताया कि रातानाडा डीड-2 में कार्यरत एक्सईएन महेंद्र किराड ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि चांवडा- पोपावास गांव की सरहद का सर्वे किया गया था। तब पाया गया कि कुछ खेतों, दुकानों और घरों में 200 एमएम-दो सौ एमएम डीआई लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया है और लोगों ने अवैध जल कनेक्शन ले रखे है। इसमें दस लोगों जिनमें लादूसिंह, बंटूसिंह, हरचंदराम, कल्याणराम, पूनाराम, तेजाराम, मोबत सारण, श्रवण, भगवानराम और कमलेश को नामजद किया गया है। इनके द्वारा लाइन को क्षतिग्रस्त कर अवैध कनेक्शन लिया गया है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

62 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त

जोधपुर, (कासं) । शहर के निकट बनाड़ स्थित खोखरिया में झोपड़ी रोड, श्रीयादे नगर में एक किराए के मकान में पुलिस ने रेड दी। घर की तलाशी में पुलिस को 62 किलो से ज्यादा अवैध डोडा पोस्त मिला। आरोपी हाथ नहीं लगे, पुलिस ने मां बेटे का नामजद कर केस दर्ज किया। उनकी तलाश जारी है। घर से चार कट्टे मिले है जिनमें दो पूर्ण रूप से भरे हुए थे। बनाड़ थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि झोपड़ी रोड खोखरिया स्थित श्रीयादे नगर क्षेत्र में एक मकान में अवैध रूप से डोडा पोस्त रखा हुआ है। इसकी की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के साथ वहां रेड दी गई। घर की महिला सुमन विश्रोई वहां से चली गई। बाहर एक कमरें की तलाशी लिए जाने पर चार कट्टे मिले। जिनमें दो पूर्ण रूप से अवैध डोडा पोस्त और दो आधे भरे थे। कुल 62 किलो 700 ठाम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। सुमन के पुत्र रोहित को भी नामजद किया गया है। मां बेटे के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस बनाया गया है। दोनों की तलाश जारी है। जिस मकान में रेड दी गई उसके आगे की इनका घर का मकान आया है, पीछे किराए पर ले रखा है।

कांग्रेसजन ने एसआईआर की समीक्षा की

फलोदी, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल रैली तथा प्रदेश में संचालित (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत गुरुवार को फलोदी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा-वार एवं ब्लॉक-वार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश छंगाणी,फलोदी प्रभारी रूपचंद सोनी, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सलीम नागोरी, ब्लॉक अध्यक्ष इलमदीन मेहर, कांग्रेस पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक के दौरान स्ढ्ढ कार्य म की वर्तमान प्रगति, आगामी कार्ययोजना तथा 14 दिसंबर को प्रस्तावित वोट चोर गद्दी छोड महारैली के लिए चलाए जा रहे दिल्ली चलो अभियान पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा की गई। सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को रैली के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

चौधरी व व्यास ने एंबुलेस रवाना की

फलोदी, (निसं)। नगर परिषद फलोदी द्वारा संचालित राजस्थान की सबसे बडी कबीर नंदीशाला में अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है जिसे गुरुवार को एसडीएम पूजा चौधरी,नगर परिषद फलोदी के निवर्तमान सभापति पन्नालाल पहलवान व पीसीसी सचिव महेश व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर एसडीएम कार्यालय समक्ष हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पीसीसी सचिव महेश व्यास ने बताया कि ये एम्बुलेंस जिले के तीस किलोमीटर की परिधि में कही भी गौवंश गंभीर हालत में बीमार या दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर उसे रेस्क्यू करने का काम करेंगी। पीसीसी सचिव व्यास ने बताया कि आज से तीन माह पहले कांग्रेस नेता सचिन पायलट के जन्म दिन अवसर पर इस एम्बुलेंस को लाया गया था।

जालोर जिले में 99.45 फीसदी डिजीटाइज

जालोर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 99.45 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 98.04 प्रतिशत, जालोर विधानसभा में 99.25 प्रतिशत, भीनमाल विधानसभा में 100 प्रतिशत, सांचौर विधानसभा में 100 प्रतिशत व रानीवाड़ा विधानसभा में 99.82 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

जय नारायण व्यास वि.वि. में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी हुई

जोधपुर, (कासं) । राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान तभी पूर्णता प्राप्त करेगा जब वह भारतीय ज्ञान परम्परा और प्राचीन वैज्ञानिक अवधारणाओं के साथ समन्वित रूप से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक दृष्टि और आधुनिक शोध की सम्मिलित दिशा नवाचार तथा मानव कल्याण के नए आयाम प्रस्तुत कर सकती है।

बागडे गुरुवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग (यूजीसी-सीएस) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि पेड़-पौधे संवेदनशील जीव हैं, वे ताप,आर्द्रता, प्रकाश, रोग तथा पर्यावरणीय परिस्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं। उन्होंने कहा कि पौधों में जीवन, चेतना और संवेदनाएं विद्यमान होती हैं, तथा वे विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक ढंग से कार्य करते हैं। उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष अपनी जड़ों द्वारा जल ग्रहण करते हैं और रोग होने पर जड़ों में औषधि के प्रयोग से उपचार संभव होता है, जो उनकी संवेदनात्मक एवं जीववैज्ञानिक संरचना का स्पष्ट संकेत है।

राज्यपाल ने वैदिक काल से भारत में वनस्पति विज्ञान की उन्नत परंपरा का उल्लेख करते हुए महर्षि पाराशर के 'वृक्ष आयुर्वेद' का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा कि प्रोटोप्लाज्म, कोशिका झिल्ली तथा ऊर्जा निर्माण के तत्वों का वर्णन प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मिलता है, जिनकी वैज्ञानिक पुष्टि सैकड़ों वर्ष बाद आधुनिक विज्ञान ने की। यह भारतीय वैज्ञानिक विरासत के गहन अध्ययन की आवश्यकता को सिद्ध करता है।

राज्यपाल ने कहा कि डीएनए, आरएनए, प्रोटीन संरचना एवं आणविक तकनीकों के वर्तमान शोध में भारतीय पारंपरिक वनस्पति व्याख्या उपयोगी आधार प्रदान कर सकती है। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से आग्रह किया कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक तकनीक के समन्वित अध्ययन के लिए अनुसंधान-आधारित शैक्षिणक ढांचा विकसित करें। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग में प्राचीन वनस्पति शोध और आधुनिक आणविक अध्ययन का एकीकृत शोध कार्यक्रम प्रारंभ किया जाए।

राज्यपाल ने पर्यावरणीय परिवर्तन, ऊर्जा संकट और जैविक विविधता संरक्षण की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान में कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से आठाह किया कि वे भविष्यगत आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए शोध के मूल्यों को समाजहित और प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़ें।

राज्यपाल ने उच्च शिक्षा नीति से संबंधित समीक्षा की

राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य मूल्यपरक, समठा एवं व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के सुयोग्य नागरिक तैयार करना है। राज्यपाल जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा गुणवत्ता एवं नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर आयोजित विशेष समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

राज्यपाल ने कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति को अनिवार्य बनाने तथा आने-जाने दोनों समय उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वही है जो ज्ञान के साथ चरित्र और कौशल का निर्माण करे।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति को समयबद्ध रूप से लागू करने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक खेती जैसे नवाचारों को व्यावहारिक शिक्षण मॉडल के रूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में इन मॉडलों को प्रोत्साहित करने की पहल की सराहना की।

बैठक में विश्वविद्यालय की वित्तीय व्यवस्थाओं, अनुसंधान उन्मुख शैक्षिणक वातावरण और रिक्त पदों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, संसाधनों के सुव्यवस्थित उपयोग और रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए, ताकि शिक्षण और प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता सुनिश्चित रहे।

गोवंश को बचाने स्वर्णनगरी एक्सप्रेस रूकी, बाद में तकनीकी खराबी हुई

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के लाठी क्षेत्र में गुरुवार सुबह दिल्ली से जैसलमेर जा रही स्वर्णनगरी एक्सप्रेस ट्रेन अचानक बीच रास्ते में रुक गई। ट्रेन करीब 20 मिनट तक धोलिया गांव के पास ट्रैक पर खड़ी रही, जिससे यात्री परेशान रहे। तकनीकी खराबी को सही करने बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार, रेलवे ट्रैक पर बड़ी संख्या में गोवंश के आने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। ब्रेक लगाने के दौरान इंजन में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे ट्रेन रुक गई। यात्रियों ने बताया कि हल्का झटका महसूस हुआ और अचानक ट्रेन रुकने से कुछ देर भ्रम की स्थिति बनी। बाद में रेलवे कर्मचारियों ने जानकारी दी कि जानवरों की जान बचाने के लिए ट्रेन रोकी गई है।

सूचना पर तुरंत रेलवे विभाग की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और इंजन की जांच शुरू की। टीम के अनुसार, इमरजेंसी ब्रेक लगाने से एयर प्रेशर लाइन प्रभावित हो गई थी, जिसे ठीक करने में लगभग 20 मिनट लगे।

मरम्मत पूरी होने के बाद ट्रेन को फिर से जैसलमेर के लिए रवाना कर दिया गया।

रजिस्ट्री से जुड़े नए नियमों का विरोध

जोधपुर, (कासं) । राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री से जुड़े नए नियमों को लागू करने के विरोध में जोधपुर में वकील रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। गुरुवार को एडवोकेट्स एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, एडवोकेट करण सिंह राजपुरोहित की अगुआई में वकीलों ने नारेबाजी करते हुए सभी रजिस्ट्री कार्यों का बहिष्कार कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पूरा रजिस्ट्री ऑफिस बंद रहा और कार्य पूर्णत: ठप हो गया।

एडवोकेट रतनाराम ठोलिया ने बताया कि सरकार ने आनन-फानन में बिना सोचे-समझे आदेश पारित कर दिया कि जो आम मुख्तारनामा से रजिस्ट्री हो रही थी, वो अब रजिस्टर्ड आम मुख्तारनामा से ही होगी। वकीलों का कहना है कि इस अचानक लागू किए गए नियम से आम जनता को भारी परेशानी हो रही है, क्योंकि कितने लोगों के दस्तावेज घर पर पड़े हुए हैं, जो अब निष्क्रिय हो गए हैं।

ठोलिया ने राज्य सरकार से निवेदन किया कि नियम बनाने से पहले कोई कट-ऑफ डेट पब्लिक को दी जाए, ताकि जनता को कुछ समय मिल सके और वे अपने काम की क्षितपूर्ति कर सकें। नए नियमों के अनुसार पावर ऑफ अटॉर्नी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है और इसके बिना प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा।

वकीलों ने यह भी विरोध जताया कि अब तक जो गैर-रूपांतरित भूखंड की रजिस्ट्री हो रही थी, उसे अचानक बंद करना गलत है।

राजस्थान में संशोधित नियमों के प्रावधानों के अनुसार, बिना भू-रूपांतरण या धारा 90ए की मंजूरी के जारी किए गए सोसाइटी पट्टों की रजिस्ट्री नहीं की जा सकेगी। इस कदम का उद्देश्य अवैध भूमि बिक्री को रोकना बताया जा रहा है। नए नियमों में प्रावधान है कि यदि बिना रूपांतरण के सोसाइटी पट्टों का पंजीकरण किया जाता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित उप-पंजीयक की होगी। धारा 90ए के तहत कृषि भूमि को गैर-कृषि उपयोग के लिए परिवर्तित करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है और इसके लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।

पोकरण में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौलाना की मौत

पोकरण, (निसं)। पोकरण शहर के मुख्य चौराहे जय नारायण व्यास सर्किल पर मंगलवार को एक भयावह सडक हादसे में राहगीर मौलाना आरिफ की दर्दनाक मौत हो गई।

नो-एंट्री और भीडभाड वाले क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद टैंट का सामान लदा एक तेज रफ्तार ट्रक शहर के बीचों-बीच प्रवेश कर गया और दुकान के पास खडे मौलाना आरिफ को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर लगते ही आरिफ ट्रक के नीचे आ गए और चालक उन्हें काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

गंभीर रूप से घायल आरिफ को तुरंत पोकरण अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए जिससें माहौल तनावपूर्ण हो गया।

स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस पर नो-एंट्री नियमों की अनदेखी और शहर में भारी वाहनों की खुलेआम आवाजाही रोकने में लापरवाही का आरोप लगाया। लंबे समय से मुख्य चौराहे पर फैली अव्यवस्था और अतिक्रमण को भी हादसे का बडा कारण बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यातायात व्यवस्था और विभागीय तालमेल की कमी के कारण ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ को नियंत्रित किया और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दुर्घटना कीजानकारी मिलते जय नारायण व्यास सर्किल की घटनास्थल एवं जिला चिकित्सालय में लोगों की भीड उमड पडा।

यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर शहर की खराब यातायात व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़ा कर गया।

चोट से घायल महिला की मौत

जोधपुर, (कासं) । शहर के निकट डांगियावास स्थित रामड़ावास खुर्द गांव में एक महिला को चक्कर आ गया। वह नीचे गिर गई और सिर पर गहरी चोट लगने से घायल हो गई।

अस्पताल में उपचार के बीच अब उसकी मौत हो गई। परिजन ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

डांगियावास पुलिस ने बताया कि रामड़ावास खुर्द गांव की रहने वाली पतासी पत्नी मानाराम मेघवाल 29 नवंबर को चक्कर आने पर गिर गई थी। उसके सिर पर गहरी चोट लगने से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, अब उसकी मौत हो गई। इस बारे में दुर्गाराम ने मर्ग में रिपोर्ट दी कि उसकी चाची नीचे गिरी और चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

पालीवाल ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

जैसलमेर, (नि.सं.)। अनिल पालीवाल आईपीएस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं यातायात एक दिवसीय दौरे पर जैसलमेर आये जहां उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

महानिदेशक ने कलक्टर कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के विशेष दिशा निर्देश दिए। डार्क स्पॉट को चिन्हित करने, शराब पीकर वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही, इन्टरसेप्टर वाहनों का प्रभावी नियोजन करने के निर्देश दिए । सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रतापसिंह नाथावत जिला कलक्टर , अभिषेक शिवहरे जिला पुलिस अधीक्षक फरसाराम अतिरिक्त जिला कलक्टर , टीकूराम जिला परिवहन अधिकारी , रेवन्तदान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महानिदेशक पालीवाल द्वारा हनुमान चौराहा पहुंच सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया गया। महानिदेशक ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बस व परिवहन से जुड़े संचालकों की बैठक भी ली।

युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कासं) । शहर के बोरानाडा क्षेत्र में किराए पर रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि कृष्ण लीला नगर, बालाजी मंदिर के पास रहने वाले 39 वर्षीय कैलाशदान पुत्र जवाहर दान ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके मामा झालामंड स्थित प्रेमनगर निवासी चंडीदान पुत्र आवड़दान ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

जालोर में कलैक्टर ने बस स्टेंड की व्यवस्थाएं देखी

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर ने महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हनुमानशाला जालोर व केन्द्रीय बस स्टेण्ड जालोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनका शैक्षणिक स्तर परखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार सहित विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को केन्द्रीय बस स्टेण्ड जालोर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलैक्टर ने रोडवेज पूछताछ केन्द्र पर स्वचालित उद्घोष प्रणाली, कार्मिकों द्वारा वाहनों के एनाउन्समेंट सिस्टम एवं वाहन समय सारणी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बस स्टेण्ड पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अभय कमाण्ड सेन्टर की निगरानी में बस स्टेंड के सी.सी.टी.सी. कैमरों को अभय कमाण्ड सेन्टर पर चैक करवाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर रोडवेज डिपो के मुख्य प्रबंधक ओम लीलावत, रोडवेज इंस्पेक्टर गणपत सोलंकी, बस स्टेण्ड प्रभारी इशाक खां व राजकुमार वैष्णव सहित रोडवेज कार्मिक उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण किया, कई अनुपस्थित मिले

जोधपुर, (कासं) । संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुरुवार को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर के मुख्य प्रबंधक कार्यालय (जोधपुर आगार) का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि कार्यालय में कार्यरत कुल 29 अधिकारियों/कर्मचारियों में से 11 अनुपस्थित थे। संभागीय आयुक्त ने अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह उल्लेख किया गया कि मुख्य प्रबंधक, प्रबंधक (प्रशासन) तथा प्रबंधक (वित्त) को 3 दिसंबर को विभागीय बैठक के लिए जयपुर जाने का उल्लेख किया गया था, परंतु निरीक्षण के समय ये अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए।

संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने बस संचालन, यात्रियों की सुविधाओं एवं परिसर की स्वच्छता संबंधी जानकारी ली। केन्द्रीय बस स्टैंड परिसर में सफाई व्यवस्था अपेक्षाकृत संतोषजनक पाई गई, जबकि बाहरी परिसर, विशेषकर बस प्लेटफार्म क्षेत्र में गंदगी पाई गई। इस पर वहां उपस्थित अधिकारी विशाल सांखला को तुरंत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने तथा यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जालोर संवाददाता के अनुसार : आयुर्वेद विभाग द्वारा 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा में क्षार सूत्र शिविर के लिए रोगियों के ऑपरेशन की स्क्रीनिंग के लिए 5 दिसम्बर को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जालोर में स्क्रीनिंग कैम्प लगाया जायेगा।

दो दिन का दौरा

पाली, (नि.सं.)। पशुपालनए गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत 5 व 6 दिसम्बर को पाली दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत 5 दिसम्बर को बागरा जालोर से प्रस्थान कर सांय 7:30 बजे सुमेरपुर पहुचेंगें तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत काम्बा पंचायत समिति आहोर

क्रमांकः-GP/2025/53 दिनांक-28/11/2025

निविदा सूचना-03,04/2025-26

ग्राम पंचायत काम्बा के निम्नलिखित 2 कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाए 01/12/2025 से 11/12/2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधित अन्य शर्ते एवं विवरण पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UNB-ZIR2526WSOB01000, -ZJR2526WSOB01001

ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच
ग्राम पंचायत काम्बा — ग्राम पंचायत काम्बा
पंचा. आहोर (जालोर) — पंचा. आहोर (जालोर)

जालोर क्रय-विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने खाद-उर्वरक की उपलब्धता के क्रम में जालोर शहर स्थित जालोर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि.जालोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद-उर्वरक, बीज वितरण, स्टॉक प्रबन्धन और समिति के रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र चौधरी ने जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे को अवगत करवाया कि क्षेत्र में यूरिया सहित खाद एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। समिति में 655 बैग यूरिया स्टॉक मे है एवं ईफको यूरिया बाडमेर रैक से समिति को आज ही 30.15 मै.टन.(670 बैग) आपूर्तित हुआ है एवं समिति द्वारा माह नवम्बर तक कुल 2737 बैग यूरिया किसानो को मांग अनुसार इस वर्ष उपलब्ध करवाया जा चुका है।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, सुझावों एवं वर्तमान व्यवस्था से जुडे.फीडबैक को भी जाना एवं किसानों को मांग अनुसार पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने समिति की कार्यप्रणाली की विशेष सराहना करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने की समिति की व्यवस्था सराहनीय है।

उन्होंने कर्मचारियों की पारदर्शिता और व्यवस्थित कार्यशैली को भी सकारात्मक बताया। उन्होंने समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र चौधरी को निर्देश प्रदान किए कि किसानों की मांग अनुरूप खाद का पर्याप्त स्टॉक रखें एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं जारी रखें।

इस दौरान सहकारिता विभाग से तकनीकी सहायक जमना मेघवाल, समिति कर्मचारी हितेश ढाका, विष्णु सोलंकी, मुकेश माली उपस्थित रहे।

कार्यालय नगरपालिका मण्ड़ल, भीनमाल (राज.)

(कचहरी के सामने, खारी रोड, भीनमाल-343029)

Tel.- (02969) 220003 E-mail : e_officer22@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.भी. / भू.शा. / 2025 / 4278 — दिनांक : 03.12.2025

सार्वजनिक ई-नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका भीनमाल द्वारा नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के अन्तर्गत वाणिज्य भूखण्ड (दुकान) को मौके पर निम्नानुसार सार्वजनिक ई-नीलामी के जरिये 99 वर्षीय लीज होल्ड राईट्स पर विक्रय किये जावेगें। जिसका ब्यौरा एवं नीलामी की शर्ते कार्य दिवस मे कार्यालय में एवं पोर्टल